माननीय सदस्य महोदय राजस्व मंडल केम्प इन्दौर

रिविजन याचिका कमांक /2016

नि0 -1620-PBR-16

266/25-4-16

कार्यालय आयुक्त इन्दौर संभाग इन्दौर
श्री मोहन शर्मा
प्रार्थी/अभिभाषक द्वारा दिनांक 25/04/2016
को प्रस्तुत।

अधीक्षक
आयुक्त कार्यालय

late noted 21-6-16

1. सुनिताबाई पति स्व. श्री बलवन्तसिंह राजपूत
निवासी– ग्राम धरावरा तहसील व जिला धार

2. सूरज पिता स्व. बलवन्तसिंह राजपूत
अवयस्क तर्फे पालनकर्ता माता श्रीमती
सुनिताबाई पति स्व. श्री बलवन्तसिंह राजपूत
निवासी– ग्राम धरावरा तहसील व जिला धार

3. किरण पिता स्व. बलवन्तसिंह राजपूत
अवयस्क तर्फे पालनकर्ता माता श्रीमती
सुनिताबाई पति स्व. श्री बलवन्तसिंह राजपूत
निवासी– ग्राम धरावरा तहसील व जिला धार .....प्रार्थीगण

विरूद्ध

1. श्रीमती शोभा पति रूपसिंह पटेल
निवासी माण्डव नाका धार तहसील व जिला
धार (म.प्र)

2. शिवम पिता रूपसिंह पटेल
अव्यस्क तर्फे पालनकर्ता माता श्रीमती
शोभा पति रूपसिंह पटेल
निवासी माण्डव नाका धार तहसील व जिला
धार (म.प्र)

3. अनुज पिता रूपसिंह पटेल अवयस्क तर्फे पालनकर्ता

रिविजन याचिका धारा 50 म.प्र. भू–राजस्व संहिता के अन्तर्गत

प्रार्थीगणो की ओर से सादर निवेदन है कि :–

प्राथीगण यह रिविजन याचिका माननीय अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा प्रकरण कमांक 0/अपील/2015–16 मे पारित आदेश दिनांक 18.02.2016 जिसके माध्यम से प्रतिप्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत धारा 5 का आवेदन पत्र बिना प्रार्थीगणो को सुने, बिना उसका उल्लेख किये स्वीकार करते हुए प्रकरण को सुनवाई के लिये ग्राह्य कर दिया गया, से असन्तुष्ट होकर निम्न एवं अन्य आधारों पर यह रिविजन याचिका सादर प्रस्तुत करते है कि :–

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य

सुनीता / शोभा
R 1620 - 2016 [illegible]

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही अथवा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभावकों आदि के हस्ताक्षर
21.6.2016	आवेदकगण की ओर से श्री मोहन शर्मा अभिभाषक उपस्थित। ग्राह्यता पर सुना गया। अनुविभागीय अधिकारी के आदेश दिनांक 18.2.2016 की सत्य प्रतिलिपि का अवलोकन किया गया। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अवधि विधान की धारा 5 के आवेदन पत्र पर बोलता हुआ आदेश पारित नहीं किया गया है। अतः अनुविभागीय अधिकारी का आदेश निरस्त किया जाकर अवधि विधान की धारा 5 के आवेदन पत्र पर उभय पक्ष को सुनकर बोलता हुआ आदेश पारित करने हेतु प्रत्यावर्तित किया जाता है। [signature] अध्यक्ष	[signature] 21/6/16